अनुक्रमांक मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12
नाम ......

**932** **825(GW)**

# 2026
# सामाजिक विज्ञान

( Hindi and English Versions )

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट।** **। पूर्णांक : 70**

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**Note :** First 15 minutes are allotted for the candidates to read the question paper.

**निर्देश :**

i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

ii) इस प्रश्नपत्र के दो खण्ड, खण्ड – अ तथा खण्ड – ब हैं ।

iii) **खण्ड – अ** में **1** अंक के **20** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं जिनके उत्तर **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर **नीले अथवा काले बाल प्वाइंट कलम से** सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला कर चिह्नित करें ।

iv) **खण्ड – अ** के प्रत्येक प्रश्न का निर्देश पढ़कर केवल प्रदत्त **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर ही उत्तर दें । **ओ० एम० आर०** उत्तर पत्रक पर उत्तर देने के पश्चात उसे नहीं काटें तथा इरेजर अथवा ह्वाइटनर का प्रयोग न करें ।

v) प्रश्न के अंक उसके सम्मुख अंकित हैं ।

vi) **खण्ड – ब** में **50** अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं । इस खण्ड में वर्णनात्मक-I, वर्णनात्मक-II तथा मानचित्र सम्बन्धी दो प्रश्न हैं ।

vii) **खण्ड – ब** में सभी प्रश्नों के उत्तर एक साथ ही करें ।

viii) प्रथम प्रश्न से आरम्भ कीजिए तथा अन्तिम प्रश्न तक करते जाइए । जो प्रश्न न आता हो उस पर समय नष्ट न कीजिए ।

UPBoardHub

ix) दिए गए मानचित्रों को उत्तर-पुस्तिका के साथ मजबूती से संलग्न करना आवश्यक है ।

x) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के स्थान पर अलग से प्रश्न संख्या 9(A) तथा 9(B) लिखने के लिए दिए गये हैं ।

**825(GW) 2**

**Instructions :**

i) *All questions are compulsory.*

ii) *This question paper has two Parts – **Part-A** and **Part-B**.*

iii) ***Part-A** consists of **20** multiple choice questions of one mark each that have to be answered on OMR Answer Sheet by darkening completely the correct circle with **blue** or **black ballpoint pen**.*

iv) *For **Part-A** read the question-wise instructions and mark your answer on the given OMR Answer Sheet only. Do not cut, erase or use whitener on the OMR Answer Sheet after answering.*

v) *Marks of the questions are mentioned against them.*

vi) ***Part-B** consists of descriptive type questions of **50** marks. There are Descriptive-I, Descriptive-II and two map related questions in this part.*

vii) *All the questions of **Part-B** are to be attempted all at a time.*

viii) *Start from the first question and go up to the last question. Do not waste your time on the question you cannot solve.*

ix) *Attach firmly the supplied maps in your answer-book.*

x) *For visually impaired examinees Question Nos. 9(A) and 9(B) have been given separately for writing answers in lieu of map work.*

## खण्ड – अ

## PART – A

## ( बहुविकल्पीय प्रश्न )

## ( Multiple Choice Type Questions )

UPBoardHub

**निर्देश :** नीचे दिए गए प्रश्नों के प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प चुनकर उसे **OMR** उत्तर पत्रक पर चिह्नित करें :

*Instruction : Four alternatives are given for each of the following questions. Choose the correct alternative and mark on* ***OMR*** *answer sheet :*

1. फ्रांसीसी क्रान्ति किस वर्ष हुई थी ?

(A) 1776
(B) 1789
(C) 1815
(D) 1857

1

1. In which year did the French Revolution take place ?

(A) 1776
(B) 1789
(C) 1815
(D) 1857

1



2. असहयोग आन्दोलन किसके नेतृत्व में हुआ था ?

(A) सुभाष चन्द्र बोस
(B) बाल गंगाधर तिलक
(C) महात्मा गाँधी
(D) जवाहरलाल नेहरू

1

2. Under whose leadership did the non-cooperation movement take place ?

(A) Subhas Chandra Bose
(B) Bal Gangadhar Tilak
(C) Mahatma Gandhi
(D) Jawaharlal Nehru

1

3. रेशम मार्ग का उपयोग मुख्यत: किस कार्य हेतु होता था ?

(A) राजनीति
(B) व्यापार व सांस्कृतिक आदान-प्रदान

(C) युद्ध (D) कृषि

1

3. For what purpose was the silk route used mainly ?

(A) Politics (C) War

(B) Trade and cultural exchanges (D) Agriculture

1

4. औद्योगिक क्रान्ति सर्वप्रथम किस देश में हुई ?

(A) जर्मनी (C) इंग्लैंड

(B) फ्रांस (D) अमेरिका

1

4. In which country did the industrial revolution take place first ?

(A) Germany (C) England

(B) France (D) America

1

5. गुटेनबर्ग के प्रिंटिंग प्रेस में छपी पहली पुस्तक थी

(A) रामायण (C) कुरान

(B) बाइबिल (D) भगवद्गीता

1

5. The first book published in Gutenberg's printing press was

(A) Ramayana (C) Quran

(B) Bible (D) Bhagavadgita

1

6. सत्ता की साझेदारी का प्रमुख उद्देश्य क्या है ?

(A) जनता को विभाजित करना
(B) लोकतंत्र को कमजोर करना
(C) सभी समुदायों को प्रतिनिधित्व देना
(D) न्यायपालिका को मजबूत करना

1

6. What is the main purpose of power sharing ?

(A) Dividing the people
(B) Weakening the democracy
(C) To give representation of all communities
(D) Strengthening the judiciary

1



7. संघीय व्यवस्था का मुख्य लक्षण है

(A) सत्ता का केंद्रीकरण
(B) सत्ता का विभाजन
(C) केवल राज्यों को अधिक शक्ति देना
(D) केवल केन्द्र को अधिक शक्ति देना

1

7. The main feature of federal system is

(A) Centralization of power
(B) Division of power
(C) More power to states only
(D) More power to union only

1

8. भारतीय संविधान में भाषाओं से संबंधित अनुसूची है

(A) दूसरी
(B) चौथी
(C) पाँचवीं
(D) आठवीं

1

8. Which schedule is related to languages in the Constitution of India ?

UPBoardHub

(A) Second

(B) Fourth

(C) Fifth

(D) Eighth

1

9. नागरिकों में समानता को बढ़ावा देने वाली राजनीतिक व्यवस्था है

(A) राजतन्त्र

(B) लोकतन्त्र

(C) तानाशाही

(D) इनमें से कोई नहीं

1

9. Political system that promotes equality among citizens is

(A) Monarchy

(B) Democracy

(C) Dictatorship

(D) None of these

1

10. भारत में राजनीतिक दलों को पंजीकरण और मान्यता प्रदान करने वाली संस्था है

(A) भारत निर्वाचन आयोग

(B) भारतीय विदेश मंत्रालय

(C) सर्वोच्च न्यायालय

(D) नीति आयोग

1

10. The organisation that provides registration and recognition to political parties in India is

(A) Election Commission of India

(B) Ministry of External Affairs of India

(C) Supreme Court

(D) NITI Aayog

1

11. भारत में किस मिट्टी का विस्तार सर्वाधिक क्षेत्रफल में है ?

(A) जलोढ़ मिट्टी

(B) काली मिट्टी

(C) लाल मिट्टी

(D) लैटेराइट मिट्टी

UPBoardHub

1

11. Which soil type has the largest area of coverage in India ?

(A) Alluvial soil (C) Red soil

(B) Black soil (D) Laterite soil

1

**5 825(GW)**

12. कुछ प्रजातियों को 'संकटग्रस्त' क्यों माना जाता है ?

(A) क्योंकि वे चिड़ियाघरों में पाई जाती हैं

(B) क्योंकि उनकी जनसंख्या में भारी गिरावट आई है

(C) क्योंकि वे केवल उष्ण कटिबंधीय वनों में ही पाई जाती हैं

(D) क्योंकि वे मनुष्यों के लिए बहुत उपयोगी हैं

1

12. Why are some species considered as 'endangered' ?

(A) Because they are found in zoo

(B) Because their population has declined drastically

(C) Because they are found only in tropical forests

(D) Because they are very useful to humans

1

13. बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं को 'आधुनिक भारत के मन्दिर' क्यों कहा जाता है ?

(A) वे केवल सिंचाई प्रदान करती हैं

(B) वे मन्दिरों की तरह बनाई जाती हैं

(C) वे सिंचाई, बिजली, बाढ़ नियन्त्रण और विकास को एक साथ एकीकृत करती हैं

UPBoardHub

(D) उनका उपयोग केवल धार्मिक उद्देश्यों के लिए किया जाता है

1

13. Why are multipurpose river valley projects called the 'temples of modern India' ?

(A) They provide irrigation only

(B) They are built like temples

(C) They integrate irrigation, power, flood control and development together

(D) They are used only for religious purposes

1

14. पंजाब का एक किसान दूध और सब्जियों जैसी जल्दी विनष्ट होने वाली वस्तुएँ प्रतिदिन नज़दीकी कस्बों में पहुँचाना चाहता है। उसके लिए कौन-सा परिवहन का साधन सबसे उपयुक्त होगा ?

(A) पाइपलाइन

(B) रेलमार्ग

(C) सड़क मार्ग

(D) जलमार्ग

1

14. A farmer in Punjab wants to transport perishable goods like milk and vegetables daily to nearby towns. Which mode of transport will be most suitable for him ?

(A) Pipelines

(B) Railways

(C) Roadways

(D) Waterways

1



15. यदि एक इस्पात संयंत्र कोयला और लौह अयस्क की खदानों के पास स्थापित किया जाता है, तो औद्योगिक अवस्थिति का कौन-सा सिद्धान्त लागू किया जा रहा है ?

UPBoardHub

(A) बाजार-आधारित स्थान (C) कच्चे माल की निकटता

(B) सस्ते श्रम की उपलब्धता (D) सरकारी नीति

1

15. If a steel plant is set up near a coal and iron-ore mine, which principle of industrial location is being applied ?

(A) Market-based location (C) Nearness to raw materials

(B) Availability of cheap labour (D) Government policy

1

16. निम्नलिखित में से किसे मानव विकास सूचकांक (HDI) का घटक नहीं माना जाता है ?

(A) प्रति व्यक्ति आय (C) शिशु मृत्यु दर

(B) जीवन प्रत्याशा (D) साक्षरता दर

1

16. Which of the following is not considered a component of the Human Development Index (HDI) ?

(A) Per capita income (C) Infant mortality rate

(B) Life expectancy (D) Literacy rate

1

17. हाल के वर्षों में भारत में सेवा क्षेत्र तेजी से क्यों बढ़ रहा है ?

(A) क्योंकि इसके लिए भारी भूमि और श्रम की आवश्यकता होती है

(B) सूचना प्रौद्योगिकी, बैंकिंग और संचार सेवाओं के उदय के कारण

(C) क्योंकि यह केवल कृषि पर निर्भर करता है

(D) क्योंकि उद्योग घट रहे हैं

1

17. Why is the service sector in India growing rapidly in recent years ?

(A) Because it requires huge land and labour

(B) Because of the rise of IT, banking and communication services

(C) Because it depends only on agriculture

(D) Because industries are declining

1

18. बैंकों से उधार लेने के सन्दर्भ में 'समर्थक ऋणाधार' का क्या अर्थ है ?

(A) बैंकों द्वारा ली जाने वाली ब्याज दर

(B) एक दस्तावेज जो ऋण के पुनर्भुगतान की गारंटी देता है

(C) ऋणकर्ता द्वारा ऋण के लिए गिरवी रखी गई सम्पत्ति

(D) बिना पुनर्भुगतान के एक प्रकार का ऋण

1

**7 825(GW)**

18. What does 'collateral' mean in the context of borrowing loan from banks ?

(A) The rate of interest charged by banks

(B) A document that guarantees repayment of loan

(C) An asset pledged by the borrower for a loan

(D) A type of loan with no repayment

1

19. यदि भारत की कोई खिलौना कम्पनी किसी बहुराष्ट्रीय निगम (MNC) के साथ समझौता करके यूरोपीय बाजारों में खिलौनों का निर्यात शुरू कर देती है तो यह वैश्वीकरण के किस पहलू का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) व्यापार बाधा

(B) विदेशी निवेश

(C) उत्पादन और बाजारों का एकीकरण

(D) निजीकरण

1

UPBoardHub

19. If a toy company from India starts exporting toys to European markets by tying up with a multinational corporation (MNC), which aspect of globalization does this represent ?

(A) Trade barrier
(B) Foreign investment
(C) Integration of production and markets
(D) Privatisation

1

20. एक उपभोक्ता ने एक रेफ्रिजरेटर खरीदा जिसने दो सप्ताह के भीतर काम करना बन्द कर दिया। दुकानदार से सम्पर्क करने के बजाय, उसने जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज कराई। वह किस उपभोक्ता अधिकार का प्रयोग कर रही है ?

(A) सुरक्षा का अधिकार
(B) चयन का अधिकार
(C) सूचित होने का अधिकार
(D) निवारण का अधिकार

1

20. A consumer bought a refrigerator that stopped working within two weeks. Instead of approaching the shopkeeper, she filed a complaint in the District Consumer Forum. Which consumer right is she exercising ?

(A) Right to safety
(B) Right to choose
(C) Right to be informed
(D) Right to seek redressal

1

**खण्ड – ब**

**PART – B**

**( वर्णनात्मक – I )**

**( Descriptive – I )**

( निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 80 शब्दों में दीजिए ।)
( Write answers of the following questions in about 80 words each. )

UPBoardHub

1. महामंदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को किस प्रकार प्रभावित किया ? 4

**अथवा**

प्रथम विश्वयुद्ध के समय भारत का औद्योगिक उत्पादन क्यों बढ़ा ? 4

**825(GW) 8**

1. How did the Great Depression affect Indian economy ? 4

**OR**

Why did industrial production of India increased during World War I ? 4

2. राजनीतिक दलों के प्रमुख कार्य क्या हैं ? किन्हीं चार कार्यों का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1 + 1

**अथवा**

लोकतन्त्र शासन की अन्य व्यवस्थाओं से किस रूप में बेहतर है ? 4

2. What are the main functions of political parties ? Mention any four functions. 1 + 1 + 1 + 1

**OR**

In which way democracy is better than other forms of government ? 4

3. ऊर्जा के गैर-पारम्परिक स्रोत क्या हैं ? उदाहरणों से समझाइए। 2 + 2

**अथवा**

भारत के आर्थिक विकास में रेल परिवहन की क्या भूमिका है ? 4

3. What are non-conventional sources of energy ? Explain with examples. 2 + 2

**OR**

What is the role of rail transport in the economic development of India ? 4

4. समझाइए कि वैश्वीकरण ने भारत के छोटे उत्पादकों को किस प्रकार प्रभावित किया। अपने उत्तर के समर्थन में एक उदाहरण दीजिए। 2 + 2

UPBoardHub

**अथवा**

सूचना का अधिकार (RTI) उपभोक्ता अधिकारों का एक महत्वपूर्ण अंग क्यों माना जाता है ? उदाहरण सहित समझाइए। 2 + 2

4. Explain how globalization has affected small producers in India. Give one example to support your answer. 2 + 2

**OR**

Why is the Right to Information (RTI) considered an important part of consumer rights ? Explain with an example. 2 + 2

**( वर्णनात्मक - II )**

**( Descriptive - II )**

( निम्न प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में दीजिए। )

( Write answers of the following questions in about 150 words each. )

5. यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय के मूलभूत कारण क्या थे ? 6

**अथवा**

भारत में असहयोग आन्दोलन का संक्षेप में उल्लेख कीजिए। महात्मा गाँधी ने इसे क्यों वापस ले लिया था ? 4 + 2

[12pt,a4paper]article fontspec [margin=1.5cm]geometry multicol ulem fancyhdr amssymb wasysym

**9 825(GW)**

5. What were the basic reasons for the rise of nationalism in Europe ? 6

**OR**

Briefly mention the Non-cooperation movement in India. Why did Mahatma Gandhi withdraw it ? 4 + 2

6. भारतीय संघीय व्यवस्था के संदर्भ में संघ सूची, राज्य सूची एवं समवर्ती सूची में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए। 2 + 2 + 2

**अथवा**

संघवाद से क्या अभिप्राय है ? भारत की संघीय व्यवस्था की प्रमुख विशिष्टताओं पर प्रकाश डालिए। 2 + 4

6. Differentiate among union list, state list and concurrent list with examples in the context of Indian federal system. 2 + 2 + 2

**OR**

What is meant by federalism ? Throw light on the main features of federal system of India. 2 + 4

7. राजस्थान का एक जिला अत्यधिक चराई के कारण गंभीर भूमि क्षरण का सामना कर रहा है। इस समस्या को कम करने के लिए एक व्यावहारिक उपाय सुझाएं। साथ ही यह भी स्पष्ट करें कि सतत विकास के लिए भूमि संसाधनों का संरक्षण क्यों आवश्यक है। 2 + 4

**अथवा**

मान लीजिए कि आपका गाँव / शहर पानी की भारी कमी से जूझ रहा है। स्थानीय स्तर पर लागू की जा सकने वाली एक जल संरक्षण तकनीक सुझाएं। साथ ही यह भी बताएं कि बहुउद्देशीय नदी घाटी परियोजनाओं को लाभकारी और समस्याजनक दोनों क्यों माना जाता है। 2 + 2 + 2

7. A district in Rajasthan is facing severe land degradation due to overgrazing. Suggest one practical measure to reduce this problem. Also explain why land resources need to be conserved for sustainable development. 2 + 4

**OR**

Suppose your village / city is facing acute water scarcity. Suggest one water conservation technique that can be implemented at the local level. Also explain why multipurpose river valley projects are considered both beneficial and problematic. 2 + 2 + 2



UPBoardHub

8. कल्पना कीजिए कि आप एक ऐसे राज्य में नीति-निर्माता हैं जहाँ कृषि क्षेत्र में अधिकांश लोग कार्यरत हैं लेकिन उनकी आय सेवा क्षेत्र के श्रमिकों की तुलना में बहुत कम है। कृषि श्रमिकों की स्थिति सुधारने के लिए व्यावहारिक उपाय सुझाएँ और समझाएँ कि इससे अल्प-रोजगार को कैसे कम किया जा सकता है। 3 + 3

**अथवा**

कल्पना कीजिए कि आप एक नवगठित जनपद की योजना समिति के सदस्य हैं। समिति क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित करना चाहती है। प्रति व्यक्ति आय, साक्षरता दर, स्वास्थ्य सुविधाओं और लैंगिक समानता की अवधारणाओं को लागू करके अपने जिले के लिए एक विकास योजना सुझाएँ। स्पष्ट करें कि आपकी योजना आर्थिक विकास और मानव विकास दोनों को कैसे सुनिश्चित करेगी। 4 + 2

8. Imagine you are a policy-maker in a state where agriculture employs most people but their incomes remain very low compared to workers in the service sector. Suggest practical measures to improve the condition of agricultural workers and explain how this can help reduce underemployment. 3 + 3

**OR**

Imagine you are a part of the planning committee of a newly formed district. The committee wants to ensure balanced development of the region. Apply the concepts of per capita income, literacy rate, health facilities and gender equality to suggest a development plan for your district. Explain how your plan would ensure both economic growth and human development. 4 + 2

## ( मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न )

## ( Map Related Questions )

**निर्देश :** प्रश्न संख्या 9(A) तथा 9(B) मानचित्र से संबंधित हैं।

**Instruction :** Question Nos. 9(A) and 9(B) are related to map.

9(A). निम्नलिखित स्थानों को भारत के दिये गये रेखा मानचित्र में ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। सही नाम तथा सही स्थान अंकन के लिए $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ अंक निर्धारित हैं :

i) वह स्थान जहाँ 1929 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

ii) वह स्थान जहाँ नील की खेती करने वाले किसानों ने सत्याग्रह आन्दोलन किया था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

iii) वह स्थान जहाँ पर जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

iv) वह स्थान जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

v) वह स्थान जहाँ पहुँचकर महात्मा गाँधी ने नमक कानून तोड़ा था। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**11 825(GW)**

9(A). In the given outline map of India, locate the following places by the symbol ⊙ with names. For mentioning correct name and marking of location $\frac{1}{2}, \frac{1}{2}$ marks have been allotted.

i) The place where session of Indian National Congress of 1929 took place. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

ii) The place where Indigo cultivators held their Satyagraha movement. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

iii) The place where Jallianwala Bagh massacre took place. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

iv) The place where in December 1920 the session of Indian National Congress took place. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

v) The place where Mahatma Gandhi broke the salt law. $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

9(B). **निर्देश :** दिये गये भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

i) उत्तर प्रदेश का एक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क * चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

ii) उत्तर प्रदेश का एक आणविक ऊर्जा संयंत्र △ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

iii) नर्मदा नदी पर बनाया गया एक बाँध • चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

iv) दक्षिण भारत में स्थित एक लोहा और इस्पात संयंत्र ■ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

v) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक समुद्री पत्तन की ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए। $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

9(B). **Instruction :** Show the following on the given outline map of India :

i) Locate a software technology park of Uttar Pradesh with name by * symbol. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

ii) Locate an atomic power plant of Uttar Pradesh with name by △ symbol. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iii) Locate a dam built on river Narmada by ● symbol with name. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

iv) Locate an iron and steel plant situated in South India with name by ■ symbol. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

v) Locate a seaport situated at the eastern coast of India with name by ⊙ symbol. $\frac{1}{2} + \frac{1}{2}$

**( केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिये मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में )**

**( Only for visually impaired examinees in lieu of Map work )**

9(A). **निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

i) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन 1929 में कहाँ पर हुआ था ? 1

ii) नील की खेती करने वाले किसानों ने सत्याग्रह आन्दोलन कहाँ पर किया था ? 1

iii) जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड किस स्थान पर हुआ था ? 1



iv) दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन कहाँ पर हुआ था ? 1

UPBoardHub

v) महात्मा गाँधी ने कहाँ पहुँचकर नमक कानून तोड़ा था ? 1

9(A). **Instruction :** Write the answers of the following questions in your answer-book. Do not use map.

i) Where did the session of Indian National Congress take place in 1929 ? 1

ii) Where did Indigo cultivators held their Satyagraha movement ? 1

iii) Where did Jallianwala Bagh Massacre take place ? 1

iv) Where in December 1920, did the session of Indian National Congress take place ? 1

v) Where did Mahatma Gandhi break the Salt Law ? 1

9(B). **निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

i) उत्तर प्रदेश के एक सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क का नाम लिखिए। 1

ii) उत्तर प्रदेश के एक आणविक ऊर्जा संयंत्र का नाम लिखिए। 1

iii) नर्मदा नदी पर निर्मित एक बाँध का नाम लिखिए। 1

iv) दक्षिण भारत में स्थित एक लौह और इस्पात संयंत्र का नाम लिखिए। 1

v) भारत के पूर्वी तट पर स्थित एक समुद्री पत्तन का नाम लिखिए। 1

9(B). **Instruction :** Write answers of the following questions in your answer-book. Do not use the map.

i) Name a software technology park of Uttar Pradesh. 1

ii) Name an atomic power plant of Uttar Pradesh. 1

iii) Name a dam built on river Narmada. 1

iv) Name an iron and steel plant located in South India. 1

v) Name a seaport located at the eastern coast of India. 1

**825(GW) – 3,33,512**

5031

UPBoardHub